CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 243 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 26 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# दो से अधिक संतान वालों पर चुनावी पाबंदी खत्म

## 30 साल बाद बदलेगा स्थानीय सियासत का समीकरण

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश की स्थानीय राजनीति में तीन दशक बाद बड़ा बदलाव होने जा रहा है। राज्य सरकार ने दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों के पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट बैठक में राजस्थान पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी गई है। सरकार का कहना है कि बदले सामाजिक और जनसांख्यिकीय हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, जिससे अब दो से अधिक बच्चों वाले भी पंचायत और निकाय चुनावों में अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे।कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों संशोधन विधेयक वर्तमान सत्र में ही पारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब यह प्रावधान लागू किया गया था, तब जनसंख्या नियंत्रण एक प्रमुख नीति उद्देश्य था, लेकिन समय के साथ परिस्थितियां बदल चुकी हैं और अब इस प्रावधान की प्रासंगिकता पर पुनर्विचार आवश्यक हो गया था।

### 1995 में लागू हुआ था दो-संतान नियम

गौरतलब है कि वर्ष 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के नेतृत्व वाली सरकार ने पंचायतीराज और नगरपालिका कानूनों में संशोधन कर यह प्रावधान जोड़ा था। इसके तहत दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति को स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। उस समय इसे जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में एक कड़ा लेकिन आवश्यक कदम माना गया था।

करीब 30 वर्ष बाद अब उसी प्रावधान को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बदलाव से जमीनी स्तर की राजनीति में नए समीकरण बनेंगे और कई ऐसे नेता, जो अब तक



केवल दो से अधिक बच्चों की शर्त के कारण चुनावी मैदान से बाहर थे, उन्हें सक्रिय राजनीति में लौटने का अवसर मिलेगा।

### स्थानीय राजनीति में दिखेगा असर

प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के ऐसे संभावित उम्मीदवार मौजूद हैं, जो दो-संतान नियम के कारण चुनाव नहीं लड़ पा रहे थे। पाबंदी हटने के बाद भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों को नए चेहरों को मौका देने का अवसर मिलेगा। इससे पंचायत, नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनावों में प्रतिस्पर्धा और बढ़ने की संभावना है।

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि इस निर्णय से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नेतृत्व का दायरा विस्तृत होगा। सरकार का तर्क है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अधिकार व्यापक होना चाहिए और व्यक्तिगत पारिवारिक स्थिति को चुनावी पात्रता से जोड़ना अब उचित नहीं है।

### विधानसभा सत्र में होगी औपचारिक मंजूरी

कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब दोनों संशोधन विधेयक विधानसभा में पेश किए जाएंगे। सदन से पारित होने के बाद ये प्रावधान लागू हो जाएंगे और आगामी निकाय व पंचायतीराज चुनावों में नए नियम प्रभावी होंगे।

करीब तीन दशक पुराने फैसले में यह बदलाव प्रदेश की स्थानीय सियासत में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

# पंचायत चुनाव की तैयारी तेज, 4.02 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

## 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियों और 14,403 ग्राम पंचायतों में अगले माह चुनाव संभव

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इसके अनुसार प्रदेश में कुल 4 करोड़ 2 लाख 20 हजार 734 मतदाता आगामी पंचायत चुनाव में मतदान करेंगे। अंतिम प्रकाशन तक मतदाता संख्या में 5 लाख 73 हजार 568 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि 29 जनवरी 2026 को जारी प्रारूप सूची में 3 करोड़ 96 लाख 47 हजार 166 मतदाता थे। आपत्तियों और सुझावों के निस्तारण के बाद 13 लाख 66 हजार 435 नए नाम जोड़े गए, जबकि 7 लाख 92 हजार 867 नाम हटाए गए। बांसवाड़ा जिले में सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत और फलोदी में 4.46 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई,




जबकि टोंक में सबसे कम 0.04 प्रतिशत और श्रीगंगानगर में 0.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

प्रदेश में 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियां और 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में अगले माह चुनाव संभावित हैं। जयपुर जिले की बात करें तो यहां 22 पंचायत समितियों के अंतर्गत करीब 18.91 लाख मतदाता हैं और 597 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे, जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है।

हालांकि वर्तमान में 12 जिला परिषद और 130 पंचायत समितियों का कार्यकाल शेष है, जो सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर 2026 तक क्रमशः समाप्त होगा। 5 सितंबर तक 6 जिला परिषद और 78 पंचायत समितियों, 29 अक्टूबर तक 2 जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों तथा 22 दिसंबर तक 4 जिला परिषद और 30 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा होगा।

इधर, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित ओबीसी आयोग की रिपोर्ट अभी लंबित है। यदि आयोग समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है तो सरकार पुराने आरक्षण प्रावधानों के आधार पर चुनाव कराने का निर्णय ले सकती है।

# बिजोलिया में पैंथर मूवमेंट के बीच पहली मौत, क्षेत्र में भय और आक्रोश

## ग्रामीणों का आरोप सूचना के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, हादसा बना मौत का कारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

कास्या से बहादुर जी का खेड़ा जाने वाले मार्ग पर बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में जंगली जानवर, संभवतः पैंथर के हमले की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

एएसआई नरेश कुमार सुखवाल ने बताया कि धर्मराज के स्टॉक के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी स्वागत पाण्ड्या मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल



का निरीक्षण किया।

सुखवाल ने बताया की मृतक के गले पर जानवर द्वारा खाए जाने जैसे गहरे निशान पाए गए हैं। मौके से जंगली जानवर के पदचिह्न भी मिले, जिन्हें सुरक्षित कर वन विभाग को जांच हेतु सौंपा गया।

मृतक की पहचान ईश्वर (35) पुत्र भीमा ओड, निवासी बहादुर जी का खेड़ा के रूप में हुई। वह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल व फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। वन विभाग के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर पदचिह्नों का मुआयना किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है तथा विस्तृत जांच जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पैंथर का मूवमेंट बना हुआ है। कई बार वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह हादसा हो गया।

हालांकि पुलिस और वन विभाग ने अभी तक पैंथर के हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत का वास्तविक कारण क्या है।


# बागोर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2635 अफीम के पौधे जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बागोर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2635 अफीम के पौधों की अवैध खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 24 फरवरी को शाम 5:10 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दादीया से भांकलिया जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित खेत में बद्रीलाल जाट पिता हीरालाल जाट द्वारा अफीम की अवैध खेती की जा रही है। जहाँ तलाशी के दौरान जौ एवं



मेथी की फसल के बीच एक कोने में कुल 2635 छोटे-बड़े अफीम के पौधे पाए गए। पुलिस ने सभी पौधों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया तथा आरोपी बद्रीलाल को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# नाकाबंदी में 2 किलो 160 ग्राम अफीम बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुलाबपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार से 2 किलो 160 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 24 फरवरी को पुलिस चौकी 29 मील के बाहर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी में आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की थैली में 2 किलो 160 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी कैलाश गुर्जर (44) पुत्र होलाल गुर्जर, निवासी पलासिया हाल गोविंदपुरा, मनासा, नीमच को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# बनास नदी में डीएसटी की बड़ी कार्रवाई, सात ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** । जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़लियास थाना क्षेत्र में सात ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। कार्रवाई बुधवार अल सुबह रेण गांव के पास बनास नदी क्षेत्र में की गई।

जानकारी के अनुसार डीएसटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेण गांव के निकट बनास नदी में दबिश दी। मौके पर अवैध बजरी खनन करते हुए सात ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। टीम ने सभी वाहनों को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बड़लियास थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



बड़लियास थाना के एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि डीएसटी द्वारा अल सुबह की गई कार्रवाई में अवैध खनन में लिप्त सात ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए हैं। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कोटा में 50 लाख की सनसनीखेज चोरी का खुलासा

## तलवंडी सेक्टर-बी में घर का ताला तोड़ ले उड़े नकदी व जेवर, मुख्य आरोपी गिरफ्तार 45.30 लाख रुपए बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**( गर्वित )** शहर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र के तलवंडी इलाके में हुई करीब 50 लाख रुपए की बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 45 लाख 30 हज़ार 800 की नकदी बरामद कर ली है, जबकि शेष माल की तलाश जारी है।

एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि 22 फरवरी को मकान मालिक अहमदाबाद से लौटे तो घर के ड्रॉइंग रूम का ताला टूटा मिला। अंदर प्रवेश करने पर अलमारियों के ताले टूटे हुए थे और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

प्राथमिक जांच में करीब 50 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी होना सामने आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जवाहर नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार निगरानी और पड़ताल के बाद आरोपी तक पहुंच बनाई गई।

उद्योग नगर पुलिस स्टेशन के सहयोग



से आरोपी विशाल उर्फ घोड़ी पुत्र प्रहलाद, निवासी कवाईसालपुरा जिला बारां, हाल निवासी प्रेमनगर द्वितीय को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की गई राशि में से 45 लाख 30 हज़ार 800 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और शेष चोरी के माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com


BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

### रोडवेज बस स्टैंड पर खुला गड्ढा बना हादसों का कारण

## इंटरलॉकिंग कार्य के बीच बिना बैरिकेडिंग छोड़ा वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढा; दो दिन में दो वाहन गिरे





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही सामने आई है। वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के लिए खोदा गया हिस्सा पिछले एक माह से खुला पड़ा है, जो अब हादसों का कारण बन रहा है।

बस स्टैंड परिसर में अधूरा निर्माण कार्य होने से सड़क किनारे बड़ा गड्ढा बन गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पालिका ने न तो वहां कोई चेतावनी बोर्ड लगाया है और न ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है। इससे यात्रियों और वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है।

मंगलवार और बुधवार को लगातार दो दिनों में दो वाहन इस गड्ढे में गिर चुके हैं। हालांकि दोनों घटनाओं में जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय प्रकाश की कमी के कारण गड्ढा स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से शीघ्र बैरिकेडिंग कराने और परिसर में छोड़े गए हिस्से के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# दिनदहाड़े युवक का अपहरण, मारपीट कर 20 हजार लूटे

### बैंक के बाहर से जबरन कार में बैठाया, गार्डन के पास फेंककर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में दिनदहाड़े एक युवक का अपहरण कर मारपीट व लूट की वारदात से सनसनी फैल गई। सरस पार्लर में काम करने वाले कर्मचारी को बदमाशों ने बैंक के बाहर से जबरन कार में डाल लिया, सुनसान स्थान पर ले जाकर बेरहमी से पीटा और 20 हजार रुपये नकद लूटकर गार्डन के पास फेंककर फरार हो गए।

घटना सुभाष नगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित हरिराम (27) पुत्र रामकिशन गुर्जर निवासी करमडास ने इस संबंध में सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह सत्यम कॉम्प्लेक्स स्थित सरस पार्लर से नकदी लेकर राजस्थान ग्रामीण बैंक में जमा कराने जा रहा था। जैसे ही वह बैंक के पास पहुंचा, तभी महेंद्र नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ कार में आया और उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया।

आरोप है कि बदमाश उसे सुनसान स्थान पर ले गए, जहां लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। मारपीट में उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं।



आरोपियों ने उसके पास रखे 20 हजार रुपये नकद भी छीन लिए और उसे लव गार्डन क्षेत्र के पास फेंककर फरार हो गए।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी महेंद्र और उसके साथी पहले भी उससे मारपीट कर चुके हैं। आरोप है कि वे अक्सर नशे की हालत में पार्लर पर आकर डेयरी उत्पाद मुफ्त में मांगते थे और मना करने पर गाली-गलौज व मारपीट करते थे। पूर्व में शिकायत देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़े हुए थे।

घटना के बाद घायल युवक को उपचार दिलाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आडंबर नहीं, आचरण ही सच्चा धर्मःमुनि योग सागर महाराज

### पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ में धर्मसभा; संयम अपनाने का आह्वान, दीक्षा लेने जा रहे श्रावक का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र में आयोजित धर्मसभा में दिगंबर जैन मुनि योग सागर महाराज ने कहा कि आज मनुष्य धर्म की वास्तविक भावना को समझने के बजाय बाहरी दिखावे में उलझ गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल आडंबर से नहीं, बल्कि संयम और श्रेष्ठ आचरण से ही धर्म की सार्थकता सिद्ध होती है।

मुनि ने श्रद्धालुओं से जीवन में संयम को अपनाने और आत्मचिंतन के साथ धर्ममार्ग पर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के जीवन में सच्चे मूल्य और संयम होते हैं, वही वास्तविक कल्याण प्राप्त कर सकता है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए दिगंबर जैन मुनि निरोग सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने आवश्यक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी में बढ़ती फास्ट फूड प्रवृत्ति को स्वास्थ्य और आध्यात्मिक दृष्टि से हानिकारक बताते हुए संयमित जीवनशैली



अपनाने की प्रेरणा दी।

प्रवचन के दौरान आचार्य विद्यासागर का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि उनके परिवार ने मोक्ष मार्ग को अपनाकर समाज के लिए प्रेरणादायक आदर्श स्थापित किया है।

इस अवसर पर जैतला गांव के श्रावक लादूलाल धनोपिया, जो 26 फरवरी को पदमपुर में आचार्य वर्धमान सागर महाराज से दीक्षा ग्रहण कर संयम मार्ग पर अग्रसर होंगे, उनका तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा सम्मान किया गया।

धर्मसभा में सकल दिगंबर जैन समाज, आवा एवं निंबाहेड़ा की समितियों ने भी मुनिश्री से मंगल प्रवेश का निवेदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सांसद अग्रवाल भारत-बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह के सदस्य नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



सांसद दामोदर अग्रवाल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 'भारत-बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह' का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बाल्टिक क्षेत्र में मुख्य रूप से एस्तोनिया, लात्विया और लिथुआनिया देश शामिल हैं। इन देशों का प्रमुख उद्देश्य अपनी स्वतंत्रता, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को सुदृढ़ बनाए रखना है। मैत्री समूह के सदस्यों को सुरक्षा एवं रक्षा, ऊर्जा स्वतंत्रता, आर्थिक और डिजिटल एकीकरण तथा विदेश नीति जैसे विषयों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद और सहयोग बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

बताया गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और विभिन्न देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों के गठन का प्रस्ताव रखा था। इसी क्रम में 60 देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों की घोषणा की गई है।

बाल्टिक समूह में सदस्य के रूप में दामोदर अग्रवाल की नियुक्ति से भीलवाड़ा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए सांसद अग्रवाल को बधाई दी है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार बुधवार को ग्राम छतरी खेड़ा एवं खेरडिया में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करना तथा कानून संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। इस दौरान पीएलवी एवं समिति सदस्यों ने ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि कम उम्र में विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

जागरूकता अभियान में पीएलवी राम बाबू माथुर, निरमा राजपूत, संतोष राजपूत, मोनिका, माया राजपूत, लीला देवी, गोगी देवी, मंजू देवी, बबली राजपूत, सपना राजपूत, आलोल मेघवाल, संतरा राजपूत, गायत्री राजपूत, सपना मीणा, नंदू राजपूत,



ममता राजपूत, कैलाशी मीणा, राधेश्याम गुजर, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अहंकार त्यागें, परमात्मा के कृपापात्र बनें: डॉ. पाराशर

### सनातन मंगल महोत्सव में भागवत कथा का विश्राम, यज्ञों की पूर्णाहुति



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के सातवें दिन श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम तथा विभिन्न यज्ञ-अनुष्ठानों की पूर्णाहुति विधि-विधान से सम्पन्न हुई। गुरुवार सुबह 9 बजे से मुख्य समारोह होगा, जिसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे।

व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर ने सुदामा चरित्र प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए और सदैव परमात्मा के कृपापात्र बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता और दीन-दुखियों के प्रति संवेदनशीलता ही धर्म का सार है। साथ ही धर्मभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने सनातन एकता का आह्वान करते हुए कहा कि सभी सनातनी आपस में 'राम-राम' बोलकर एक-दूसरे का सम्मान करें।

महोत्सव के अंतर्गत पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, 108 भागवत मूल पाठ, शतचंडी, अखंड गीता पाठ, रामचरितमानस पाठ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। शाम को काशी की तर्ज पर गंगा आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## नाबालिग से दुष्कर्म व शोषण: पोक्सो कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई

### 65 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, दोष सिद्ध होने पर सुनाया कठोर फैसला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर विभिन्न शहरों में उसका शारीरिक व मानसिक शोषण करने के जघन्य मामले में पोक्सो कोर्ट (1) ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 65 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए कठोर सजा सुनाई। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्रा ने गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के कानिया निवासी अभियुक्त जाहिद मोहम्मद उर्फ मोतिया को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 65 हज़ार रुपये जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। जुर्माना राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतने का भी प्रावधान रखा गया है।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अपराध सिद्ध किया। अदालत ने माना कि आरोपी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर कई शहरों में उसका शारीरिक और मानसिक शोषण किया।

पुलिस की सघन जांच और अभियोजन की सशक्त दलीलों के आधार पर अदालत ने यह कठोर फैसला सुनाया। फैसले के बाद पीड़िता पक्ष ने राहत की सांस ली।

## चारभुजा कॉलोनी में महिलाओं का पारंपरिक फागोत्सव, फूलों की होली से महका माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे की चारभुजा कॉलोनी में बुधवार को महिला मंडल की ओर से पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजा फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में महिलाओं ने राजस्थानी परंपरा के अनुरूप सजी-धजी वेशभूषा में फूलों और गुलाल की होली खेलकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

फूलों की पंखुड़ियों से खेली गई होली ने पूरे माहौल को सुगंध और सौहार्द से भर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से लोकगीतों एवं पारंपरिक फाग गीतों का गायन किया। ढोलक और मंजीरों की थाप पर गूंजते गीतों ने होली के रस और भक्ति भाव को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया। डीजे की मधुर धुनों पर भी महिलाएं उत्साहपूर्वक थिरकती नजर आईं।



कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की मनोहारी वेशभूषा धारण किए प्रतिभागियों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण स्वरूप में प्रस्तुत नृत्य ने भक्ति, प्रेम और आनंद का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

इस अवसर पर टीना जैन, प्रियंका जैन, सुनीता पारीक, रेखा जैन, भावना जैन, राखी जैन, रुक्मा तेली, मंजू तेली, शारदा पारीक, अर्चना पारीक, सुनीता धोबी, पूजा राव, मोना राव, चंदा तेली, दिलखुश टेलर, टीना बोहरा, नेहा सुराणा, प्रियंका सुराणा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 200 किलो दूषित मावा नष्ट, नमूने जांच के लिए अजमेर भेजे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के निर्देशन में हुई कार्रवाई में दो स्थानों से मावे के नमूने लेकर प्रयोगशाला अजमेर भेजे गए, जबकि करीब 200 किलो बदबूदार व दूषित मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

अभियान के तहत मैसर्स बालाजी डेयरी प्रोडक्ट, डोटा (आसीन्द) से नमूना लिया गया और खराब मावा जब्त कर नष्ट किया गया। वहीं मैसर्स बालाजी डेयरी, नारायणपुरा




(आसीन्द) से मीठे मावे का सैंपल जांच के लिए भेजा गया। डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता और एक्सपायरी तिथि अवश्य जांचें तथा मिलावट की सूचना तुरंत विभाग को दें।



QUICK BITES

## 3081 भूखंडों की लॉटरी पर जनसंदेह, विधायक कोठारी ने की पुनः पारदर्शी प्रक्रिया की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



नगर विकास न्यास द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को निकाली गई 3081 भूखंडों की लॉटरी को लेकर उठे सवालों पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में उच्च स्तरीय जांच अथवा लॉटरी निरस्त कर पुनः पारदर्शी प्रक्रिया से आयोजन की मांग की। उन्होंने कहा कि करीब 90 हजार आवेदनों वाली इस लॉटरी में पारदर्शिता को लेकर जनसंदेह है, इसलिए यदि जांच में अनियमितता सामने आए तो लॉटरी रद्द कर निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ ही गरीब एवं अल्प आय वर्ग के लिए आरक्षित भूखंडों की संख्या बढ़ाने, प्रतीक्षा सूची सार्वजनिक करने, संबंधित सॉफ्टवेयर की तकनीकी जांच और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग रखी।

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग पर चर्चा के दौरान विधायक ने राज्य सरकार के आधारभूत ढांचे पर फोकस की सराहना की। उन्होंने बताया कि करीब 132 करोड़ रुपये लागत के चार ओवरब्रिज, जो पूर्व में निर्धारित समय में पूरे नहीं हो सके, अब मॉनिटरिंग बढ़ने से गति पकड़ चुके हैं। एक ओवरब्रिज पूर्ण हो चुका है और शेष जून 2026 तक पूरे होने की संभावना है। विधायक कोठारी ने भीलवाड़ा के समग्र विकास के लिए नगर निगम में 42 मीटर फायर लैडर उपलब्ध कराने, नेहरू तलाई के पार्कों व तालाब का सौंदर्यीकरण, राजीव गांधी ऑडिटोरियम का जीर्णोद्धार/नवीन निर्माण, सुवाणा से मंडपिया तक 13 किमी बाईपास, आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने और सार्वजनिक पार्कों में डिजिटल कियोस्क स्थापित करने की मांग रखी।

इसके अलावा अमृत 2.0 के कार्य शीघ्र पूर्ण करने, सीवरेज से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, कच्ची बस्तियों के पट्टों की समयसीमा तय करने, यूडीएच टैक्स पर ब्याज छूट सहित एमनेस्टी योजना लागू करने, मेयर का चुनाव सीधे जनता से कराने, सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने और वेण्डर जोन चिन्हित करने जैसे मुद्दे भी उठाए।

उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार भीलवाड़ा के सुनियोजित, पारदर्शी और संतुलित विकास के लिए सकारात्मक निर्णय लेगी।

## 'इमोशनल वेलनेस फॉर वूमेन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




जीतो लेडीज विंग भीलवाड़ा द्वारा 'नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन अवेयरनेस वीक' के तहत 'इमोशनल वेलनेस फॉर वूमेन - नर्चरिंग माइंड, स्ट्रेंथनिंग सोल' विषय पर प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम द ग्रीन्स, चित्तौड़ रोड स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।

चेयरपर्सन नीता बाबेल ने मुख्य वक्ता मनोवैज्ञानिक डॉ. श्रुति मोदी का स्वागत किया। डॉ. मोदी ने महिलाओं के भावनात्मक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, आत्म-देखभाल और जीवन संतुलन पर व्यवहारिक मार्गदर्शन देते हुए बताया कि महिलाएं अक्सर अदृश्य भावनात्मक दबाव झेलती हैं, जिससे मानसिक थकान बढ़ती है। उन्होंने माइंडफुलनेस, सकारात्मक सोच और सीमाएं तय करने (बाउंड्री सेटिंग) को मानसिक संतुलन के लिए आवश्यक बताया।

हेल्थ एंड न्यूट्रिशन कन्वीनर डॉ. निधि चौधरी ने संतुलित आहार और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र में बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# एनएच-148डी फोरलेन के विरोध में पंडेर में प्रदर्शन, बाईपास की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

( गजानंद जोशी )। नेशनल हाईवे-148डी के फोरलेन एवं सड़क चौड़ाईकरण को लेकर पंडेर क्षेत्र में विरोध तेज होता जा रहा है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने गांव के भीतर से फोरलेन निकालने का विरोध करते हुए बाईपास निर्माण की मांग उठाई है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नाम उप तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के दौरान एनएच-148डी प्रभावित संघर्ष समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समिति सदस्यों ने बताया कि इससे पूर्व भी जहाजपुर एसडीएम को ज्ञापन देकर



बाईपास की मांग रखी जा चुकी है, साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी स्थिति से अवगत कराया गया है।

स्थानीय निवासी लोकेश शर्मा ने बताया कि पंडेर के मुख्य बाजार और आबादी क्षेत्र को बचाने के लिए बाईपास अति आवश्यक है। यदि फोरलेन सड़क गांव के बीच से निकाली जाती है तो मंदिर, धर्मशाला, मकान और दुकानें प्रभावित होंगी, जिससे पूरा बाजार तंत्र बर्बाद हो सकता है। उनका कहना है कि वर्षों से स्थापित व्यापार और आजीविका पर इसका गंभीर असर पड़ेगा।

कैलाश चंद्र तिवारी ने बताया कि पूर्व में जब नेशनल हाईवे का निर्माण हुआ था, तब सड़क को स्थानीय बस्ती से काफी ऊंचा बना दिया गया था। इसका खामियाजा आज तक ग्रामीण भुगत रहे हैं। बारिश के मौसम में घरों में पानी भरने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

राजमल माली ने कहा कि ग्रामीणों की एकजुट मांग है कि सरकार गांव के बाहर से बाईपास निकाले। यदि क्षेत्रवासियों की मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन की रूपरेखा अपनाई जाएगी।

व्यापारी रामबाबू शर्मा ने कहा कि पंडेर में फोरलेन की आवश्यकता नहीं है। यदि सरकार सड़क चौड़ीकरण करना चाहती है तो गांव से बाहर बाईपास का निर्माण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यापारियों के रोजगार पर आंच आई तो आगामी चुनावों का बहिष्कार करने पर विचार किया जाएगा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास कार्य ऐसा हो जो स्थानीय आबादी, धार्मिक स्थलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान न पहुंचाए।

# संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा से गूंजा भीलवाड़ा, आज दीक्षा दान समारोह





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(मूलचन्द पेसवानी)**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में चल रहे आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के अंतर्गत बुधवार को निकली भव्य संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। प्रभात बेला में अयोध्यानगर दूधाधारी मंदिर से प्रारंभ हुई । शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई हरि शेवा धाम पहुंची।

**पारंपरिक वेशभूषा में उमड़ा जनसैलाब**

शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। माताएं-बहनें मंगल गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं, युवा भगवा ध्वज थामे उत्साह से लबरेज नजर आए, वहीं बालक-बालिकाओं के



अखाड़ों ने आकर्षक प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

दीक्षार्थी इन्द्रदेव, सिद्धार्थ एवं कुनाल की नगर परिक्रमा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा, तोरणद्वार और आरती से स्वागत किया गया। पूरा शहर 'जय सनातन' के उद्घोष से गूंज उठा।

**संतों का सान्निध्य रहा आकर्षण का केंद्र**

आयोजन में उदासीन कार्ष्णि पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी गुरुशरणानंद महाराज सहित देशभर से पधारे संतों का सान्निध्य विशेष आकर्षण रहा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने इसे भीलवाड़ा के इतिहास का अभूतपूर्व आध्यात्मिक क्षण बताया।कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नासिक, जम्मू और उड़ीसा की ढोल टीमों की दमदार प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। वहीं उज्जैन की महाकाल झांकी और शिव बारात की आकर्षक झलकियों ने आयोजन को और भव्य बना दिया।

**आज होगा दीक्षा दान एवं समष्टि भंडारा**

आयोजन के तहत 26 फरवरी को सुबह 9 बजे हरि शेवा आश्रम परिसर में दीक्षा दान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे अग्रवाल उत्सव भवन में 'एक संगत, एक पंगत' के भाव से विशाल समष्टि भंडारे का आयोजन होगा।

# 28 फरवरी को अजमेर में पीएम मोदी की आमसभा

## भीलवाड़ा से ऐतिहासिक सहभागिता सुनिश्चित करने को रणनीति बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में प्रस्तावित विशाल आमसभा को लेकर जिला भाजपा की तैयारी योजना बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं सांसद दामोदर अग्रवाल के सान्निध्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, बालूराम चौधरी, पूर्व महापौर राकेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**संभाग की सबसे बड़ी सभा बनाने का लक्ष्य**

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया के अनुसार, बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की परिकल्पना के अनुरूप अजमेर में आयोजित यह संभाग की अब तक






की सबसे बड़ी आमसभा होगी। इसे सफल बनाने के लिए भीलवाड़ा जिले के कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा उनके आवागमन, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए योजनाबद्ध रणनीति बनाई जाए।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि अजमेर में प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए 'बूस्टर डोज' सिद्ध होगा, इसलिए कोई भी कार्यकर्ता इस अवसर से वंचित न रहे। जिला प्रभारी संजय जैन ताऊ ने कहा कि अजमेर की धरा प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास की साक्षी बनेगी।

**संगठन की अग्रणी भूमिका दोहराने का संकल्प**

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भीलवाड़ा जिला संगठन सदैव प्रदेश में अग्रणी रहा है और इस बार भी सहभागिता का नया रिकॉर्ड कायम करेगा। बैठक के दौरान समस्त राजपूत समाज द्वारा वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ का स्वागत किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया तथा आभार जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने व्यक्त किया।

बैठक में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाइच, विशाल गुरुजी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, अमरसिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, कांता शर्मा, ललित अग्रवाल, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, बाबूलाल आचार्य, भगवत सिंह राठौड़, शंकरलाल जाट, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, विजय पोखरना, भगवती प्रसाद जोशी, पूर्व जिला प्रमुख शक्तिसिंह हाड़ा सहित जिले भर से भाजपा जनप्रतिनिधि, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला बहाली की मांग पर 28 फरवरी को शाहपुरा बंद, संघर्ष समिति सौंपेगी 9वां स्मरण पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(किशन)।** जिला बहाली की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। जिला संघर्ष समिति ने 28 फरवरी को शाहपुरा में स्वैच्छिक बंद का आह्वान करते हुए प्रशासन को 9वां स्मरण पत्र सौंपने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से जनता में गहरा असंतोष है, जिसके चलते अब आंदोलन को नए चरण में प्रवेश दिया जा रहा है।

जिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा के नेतृत्व में प्रस्तावित बंद को लेकर विभिन्न संगठनों से संपर्क साधा गया है। समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि व्यापार मंडल, किसान संगठनों, विभिन्न ग्राम प्रतिनिधियों तथा सामाजिक संस्थाओं ने बंद को समर्थन देने की सहमति जताई है।

**अब तक 8 स्मरण पत्र, 28 को सौंपा जाएगा 9वां**



संघर्ष समिति के अनुसार, जिला बहाली की मांग को लेकर अब तक प्रशासन को कुल 8 स्मरण पत्र सौंपे जा चुके हैं। प्रत्येक ज्ञापन में लंबित मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई, लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए। ऐसे में 28 फरवरी को 9वां स्मरण पत्र सौंपकर आंदोलन को और मुखर किया जाएगा।

**152 दिन का अनशन, आश्वासन के बाद हुआ था स्थगित**

जिला बहाली की मांग को लेकर 152 दिनों तक क्रमिक अनशन चला था। मामला जब उच्च स्तर तक पहुंचा तो मुख्यमंत्री स्तर से सकारात्मक आश्वासन मिलने की जानकारी दी गई। आश्वासन पर भरोसा जताते हुए आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था।

हालांकि, समय बीतने के बावजूद जमीनी स्तर पर ठोस प्रगति नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी फिर बढ़ने लगी है। संघर्ष समिति का आरोप है कि आश्वासन के बाद भी फाइलों में कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई।

**फूलडोल महोत्सव में लगेगी विशेष प्रदर्शनी**

प्रसिद्ध फूलडोल महोत्सव के दौरान संघर्ष समिति एक अस्थायी स्टॉल लगाकर विशेष प्रदर्शनी आयोजित करेगी। प्रदर्शनी में नक्शों, आंकड़ों और दस्तावेजों के माध्यम से यह बताया जाएगा कि शाहपुरा भौगोलिक, आर्थिक और प्रशासनिक दृष्टि से जिला बनने की पात्रता रखता है।

प्रदर्शनी में यह भी दर्शाया जाएगा कि जिला बनने से आमजन को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर सरकारी कार्यालय स्थापित होंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, व्यापार और उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार संभव होगा।

साथ ही 152 दिन के क्रमिक अनशन, 8 स्मरण पत्रों और विभिन्न चरणों में हुए आंदोलनों की झलकियां फोटो एवं दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी।

**28 फरवरी पर टिकी क्षेत्र की नजर**

संघर्ष समिति का कहना है कि उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि जनहित में समाधान है। यदि इस बार भी ठोस निर्णय नहीं हुआ तो आगे की रणनीति और अधिक व्यापक की जा सकती है।शाहपुरा क्षेत्र में फिलहाल 28 फरवरी को प्रस्तावित स्वैच्छिक बंद और 9वें स्मरण पत्र को लेकर व्यापक चर्चा है।

# कोटड़ी-बिजौलिया को माडा योजना से जोड़ने की सदन में गूंज

## जनजाति विकास और शिक्षा सुविधाओं को लेकर विधायक खण्डेलवाल ने उठाए सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**कपिल श्याम विजय ।**

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य इलाकों के विकास और शिक्षा संबंधी मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी से मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोटड़ी, मांडलगढ़ और बिजौलिया उपखंडों को माडा (मॉडिफाइड एरिया डेवलपमेंट एप्रोच ) योजना में शामिल करने की मांग की।

**कोटड़ी व बिजौलिया को माडा योजना में शामिल करने की मांग**

प्रश्नकाल के दौरान विधायक खंडेलवाल ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोटड़ी और बिजौलिया क्षेत्रों में जनजाति वर्ग की बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन तकनीकी कारणों से ये क्षेत्र अब तक माडा योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किन कारणों से इन क्षेत्रों की विशाल जनसंख्या को योजनाओं की मुख्यधारा से दूर रखा गया है।

विधायक ने सरकार से मांग की कि कोटड़ी और बिजौलिया क्षेत्र की जनसंख्या का पुनः सर्वेक्षण कराया जाए तथा पात्रता अनुसार इन्हें माडा योजना में शामिल कर जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

**छात्रावास व एकलव्य मॉडल स्कूल की पैरवी**

शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ेपन को दूर करने के उद्देश्य से विधायक ने अनुपूरक प्रश्न के माध्यम से क्षेत्र में जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि मांडलगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों में भील एवं मीणा समाज की लगभग 50 हजार आबादी निवास करती है।

इस वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने क्षेत्र में एक जनजाति छात्रावास तथा एक एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) स्वीकृत करने की मांग की।




**विधायक की मांग पर मंत्री ने दिया आश्वासन**

मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जवाब में कहा कि माडा योजना के निर्धारित मापदंड हैं, जिनके आधार पर क्षेत्रों का चयन किया जाता है। विधायक द्वारा उठाए गए प्रस्तावों का गंभीर परीक्षण कराया जाएगा। यदि पात्रता बनती है तो राज्य सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजकर संबंधित क्षेत्रों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करेगी।

साथ ही, छात्रावास एवं एकलव्य मॉडल स्कूल की मांग पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

**विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ और बिजौलिया के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के जनजाति समाज के अधिकारों के लिए वे लगातार सदन और सरकार के समक्ष पैरवी करते रहेंगे।

# गेणोली में सप्तमी बंधेज पूर्णाहुति, 22 जोड़ों ने किया हवन-यज्ञ

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

क्षेत्र के गेणोली गांव स्थित देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में सप्तमी बंधेज पूर्णाहुति कार्यक्रम का धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

सप्तमी उद्यापन अवसर पर 22 जोड़ों ने विधि-विधान से सामूहिक हवन-यज्ञ कर भगवान विष्णु को आहुतियां अर्पित कीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने कहा कि ऐसे धार्मिक



आयोजनों से सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलता है तथा युवा पीढ़ी की धार्मिक परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारा एवं एकता को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में भाजपा नेता रमेश खंडेलवाल, आयोजन समिति के सदस्य, युवा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव की धूम, आज अखंड ज्योत पाठ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत आज सुबह 11:15 बजे से दुर्गामी अखंड ज्योत पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर अखंड ज्योत पाठ का वाचन प्रसिद्ध वाचक स्नेह पाठक भीलवाड़ा द्वारा किया जाएगा।

महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को खाटू धाम की तर्ज पर आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया है। विशेष रूप से कोलकाता से आए कुशल कारीगरों द्वारा दरबार, फूल सज्जा एवं आकर्षक पृष्ठभूमि का मनमोहक श्रृंगार किया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं रवि पंडित द्वारा विधि-विधान से किया जाएगा। भक्तों के लिए सुव्यवस्थित दर्शन, प्रसाद वितरण एवं बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।



समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत 27 फरवरी को सुबह भव्य निशान यात्रा, दोपहर में छप्पन भोग एवं संकीर्तन तथा सायंकाल भजन संध्या का आयोजन होगा।

28 फरवरी को सुबह विशेष कीर्तन एवं महाआरती के साथ महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम संपन्न होंगे।

# राधे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं ने मनाया फाल्गुनी फागोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।

फाल्गुन मास की रंग, भक्ति और उल्लास से सराबोर वातावरण में दाता के देवनारायण मंदिर परिसर में राधे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं द्वारा भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं रंग-अबीर अर्पित कर की गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

फागोत्सव के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन, फाग गीत एवं होली से जुड़े भक्तिपूर्ण पदों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की लीलाओं, फाल्गुन की रंगीन परंपराओं और लोकसंस्कृति की मधुरता का सुंदर संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया।



भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनु वैष्णव, लीला सुथार, मीनाक्षी सोनी, समता वैष्णव, सिंटू चौहान, मीरा माली, राधा सुथार, पूजा चौहान, ललिता माली, रेखा माली, बसंती माली, चंद्रकला कुमावत, रेणु सोनी, विष्णु वैष्णव, रेखा वैष्णव, गायत्री राठौर, रिंकू सोनी, सीता टेलर सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (युवा) में मंडल संयोजकों की घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (युवा) द्वारा संचालित 'वैश्य मित्र' सदस्यता अभियान को अधिक गति एवं मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई है। संभागीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार डाणी की सहमति से संगठन विस्तार को लेकर नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी एवं मीडिया प्रभारी हरीश हिंदुस्तानी ने बताया कि आसींद विधानसभा संयोजक विनोद खाबिया को संपूर्ण समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में आसींद, बदनोर एवं शंभूगढ़ मंडलों में मंडल संयोजकों की नियुक्ति की गई है। आशीष रांका को आसींद मंडल संयोजक, अंकित पीपाड़ा को बदनोर मंडल संयोजक तथा ललित जैन को शंभूगढ़ मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि विनोद खाबिया के प्रभावी संयोजन एवं नव नियुक्त मंडल संयोजकों के सक्रिय प्रयासों से वैश्य समाज की एकता को नई ऊर्जा और व्यापक विस्तार मिलेगा।

मनीष बम्ब ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वैश्य बंधुओं को 'वैश्य मित्र' के रूप में संगठन से जोड़ना तथा सदस्यता अभियान को प्रत्येक मंडल तक प्रभावी रूप से पहुँचाना है। इसके लिए व्यापक स्तर पर संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि शीघ्र ही प्रत्येक क्षेत्र में संगठन का सशक्त विस्तार देखने को मिलेगा और वैश्य समाज को एक मंच पर संगठित करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## QUICK BITES

# तिलस्वा में साइकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न, 27 छात्राओं को मिली साइकिलें

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




**नरेश धाकड़ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिलस्वा में राज्य सरकार की योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा-9 की छात्राओं को 27 साइकिलें वितरित की गईं। साइकिलें प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनश्याम पाराशर तथा सहकारी समिति व्यवस्थापक देबीलाल गोस्वामी रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें सौंपते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालय तक उनकी नियमित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम में महेश कुमार, मोहनलाल धाकड़ , अजय शर्मा, अरविन्द धाकड़, मनोज मीणा, शंभूलाल धाकड़, बाबूलाल बलाई सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रशासक रिंकू वैष्णव को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, पदमुक्ति आदेश पर रोक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



**(किशन )** फुलिया कलां उपखंड की धनोप ग्राम पंचायत की प्रशासक पद से हटाई गई पूर्व प्रशासक व भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रिंकू वैष्णव को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय की जस्टिस कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने राज्य सरकार द्वारा जारी पदमुक्ति आदेश पर स्थगन (स्टे) आदेश जारी कर दिया है।

प्रकरण के अनुसार राज्य सरकार ने 11 फरवरी को रिंकू वैष्णव को पद के दुरुपयोग व फर्जी पट्टा प्रकरण के आरोपों के आधार पर पद से मुक्त करने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव (द्वितीय) त्रिलोचन मीणा ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर रिंकू वैष्णव के स्थान पर निर्वतमान उपसरपंच को प्रशासनिक कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए थे।

पद से हटाए जाने के आदेश के खिलाफ रिंकू वैष्णव ने हाई कोर्ट की शरण ली। लगभग 14 दिनों तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद 24 फरवरी को न्यायालय ने राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की।

हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद धनोप ग्राम पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था में फिर बदलाव की संभावना बन गई है। क्षेत्र की राजनीतिक गलियों में इस फैसले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# सिंगोली चारभुजा मंदिर का दान पात्र खुला, 24.92 लाख रुपये की राशि प्राप्त

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र सिंगोली चारभुजा मंदिर में दान पात्र खोले जाने पर इस बार बड़ी राशि प्राप्त हुई है। मंदिर प्रशासन द्वारा दो दिनों तक चली गिनती प्रक्रिया के बाद कुल 24 लाख 92 हजार 340 रुपये की राशि सामने आई। दानराशि को निर्धारित प्रक्रिया के तहत गिना गया और अभिलेखों में दर्ज किया गया।

दान गिनती के दौरान निरीक्षक भोजराज अग्रवाल, लिपिक बंशीधर, रामप्रसाद सेवागिर, प्रबंधक अर्जुन सिंह, देवस्थान विभाग अजमेर के प्रशासक राकेश कुमार आर्य, राजेंद्र सिंह पुरावत, दिनेश स्वर्णकार, सुरेंद्र कुमार पाराशर सहित सुरक्षा गार्ड शंकर सिंह, शंकर नाथ, कन्हैया लाल, मुरली पाराशर और मंदिर पुजारी सहित कई जिम्मेदार कार्मिक मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।

# एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा रेवेन्यू सलाहकार समिति सदस्य नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला अभिभाषक संस्था द्वारा राजस्व न्यायालय एवं परिसर में अधिवक्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु रेवेन्यू सलाहकार समिति का गठन किया गया है। संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने समिति की घोषणा की। गठित समिति में रणवीर सिंह राणावत, मांगी लाल सेन, सुरेश चंद्र सुवालका, जगदीश चंद्र दाधीच, भेरू लाल वैष्णव, ज्योति जागेटिया तथा एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा को सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति राजस्व न्यायालय एवं परिसर में अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगी। एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा को समिति में शामिल किए जाने पर अधिवक्ताओं में हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़, अनिल पारीक, राजकुमार सोनी, नवनीत कुमावत, अनीता व्यास, बालू लाल उपाध्याय, सरिता स्वर्णकार, गायत्री साहू सहित कई अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।